# विवेकानंद घाट बनेगा आकर्षण का केंद्र : कलेक्टर

**जयपुरी लाल पत्थरों से सजेगा घाट**

**फाउंटेन और आधुनिक सुविधाएं विकसित होंगी**



**नर्मदापुरम, 28 मई. जिलें में विवेकानंद घाट जल्द ही नए और आकर्षक स्वरूप में नजर आएगा. हरिद्वार के प्रेम प्रकाश मंडल ट्रस्ट ने घाट को गोद लेकर यहां सौंदर्यीकरण और व्यापक विकास कार्य करने की योजना बनाई है.**

योजना के तहत घाट को जयपुरी लाल पत्थरों से सजाया जाएगा और श्रद्धालुओं के लिए फाउंटेन, चेंजिंग रूम, रैंप सहित कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी.

### भव्य रूप में बदलेगा घाट का स्वरूप

नर्मदा तट पर स्थित विवेकानंद घाट को ट्रस्ट द्वारा विकसित कर एक मॉडल घाट के रूप में तैयार किया जाएगा. श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए यहां व्हीलचेयर सुविधा, आकर्षक बैठने की व्यवस्था और सुंदर पाथवे भी बनाए जाएंगे.

### स्नान और पूजन के लिए अलग व्यवस्था

कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने निर्देश दिए हैं कि घाट को दो हिस्सों में विकसित किया जाए—एक हिस्सा स्नान के लिए और दूसरा पूजन कार्य के लिए. इससे श्रद्धालुओं को सुविधा मिलेगी और घाट की स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर बनी रहेगी. गुरुवार को ट्रस्ट प्रतिनिधियों ने कलेक्टर से मुलाकात कर विकास योजना प्रस्तुत की. बैठक में सिटी मजिस्ट्रेट देवेंद्र प्रताप सिंह, एसडीएम जय सोलंकी, सीएमओ हेमेश्वरी पटले सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे.

### निरीक्षण के बाद ही तय हुई कार्य योजना

ट्रस्ट के प्रतिनिधि संत हिमांशु लाल ने घाट का निरीक्षण कर प्रस्तावित कार्यों की विस्तृत रूपरेखा तैयार की. योजना के अनुसार बारिश के बाद निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा और इसे 6 से 8 माह में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है. ट्रस्ट इससे पहले हरिद्वार और उज्जैन के कई प्रमुख घाटों का कायाकल्प कर चुका है.

### रोशनी से जगमगाएगा घाट

घाट पर आकर्षक फाउंटेन लगाए जाएंगे, जो रात के समय रंग-बिरंगी रोशनी से माहौल को मनमोहक बनाएंगे. इसके साथ ही छतरी निर्माण, पौधरोपण और रंगरोगन का कार्य भी किया जाएगा. विकास कार्यों के दौरान घाट पर वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा, जबकि पार्किंग की व्यवस्था मुख्य द्वार के पास की जाएगी.

# इटारसी में भाईचारे संग मनाई बकरीद

**ईदगाहों और मस्जिदों में अदा हुई नमाज**



**इटारसी, 28 मई. शहर में ईद-उल-अजहा (बकरीद) का पर्व गुरुवार को हर्षोल्लास, अकीदत और भाईचारे के माहौल में मनाया गया. अंजुमन नूरुल इस्लाम कमेटी द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अनुसार शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाहों में सुबह से ही नमाजियों की भीड़ उमड़ पड़ी. नमाज के दौरान देश में अमन-चैन, खुशहाली और भाईचारे की दुआ मांगी गई.**

नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले मिलकर ईद की मुबारकबाद दी. शहर में गंगा-जमुनी तहजीब की खूबसूरत मिसाल भी देखने को मिली, जब विभिन्न समुदायों के लोगों ने मुस्लिम समाज के लोगों को ईद की शुभकामनाएं दीं. अंजुमन कमेटी के सदर मो. अय्यूब खान ने बताया कि शहर की सभी प्रमुख मस्जिदों और ईदगाहों में तय समय पर शांतिपूर्ण ढंग से नमाज अदा की गई. सुन्नी ईदगाह एवं जामा मस्जिद लक्कड़गंज में सुबह 7 बजे, पांचवी लाइन जामा मस्जिद में 7:15 बजे, मोहम्मदी मस्जिद पीपल मोहल्ला में 7:45 बजे तथा नई ईदगाह नाला मोहल्ला में सुबह 8 बजे नमाज हुई.

त्योहार को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद रहा. एसडीएम नीलेश शर्मा, एसडीओपी वीरेन्द्र मिश्रा और थाना प्रभारी गौरव बुंदेला के निर्देशन में सभी आयोजन स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे. नगर पालिका परिषद द्वारा भी नई ईदगाह सहित मस्जिदों के आसपास विशेष साफ-सफाई और पेयजल की व्यवस्था की गई. प्रशासन, पुलिस और नगर पालिका के समन्वय तथा नागरिकों के आपसी सौहार्द के चलते शहर में बकरीद का पर्व शांतिपूर्ण और भाईचारे के वातावरण में संपन्न हुआ.

## एक नजर में...

### कथा पंडाल में धूमधाम से मनाया कृष्ण जन्मोत्सव



**माखन नगर.** आवास कॉलोनी महिला मंडल द्वारा राधे गार्डन में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया. कथा वाचक पंडित अभिषेक तिवारी ने भगवान श्रीकृष्ण जन्म की कथा का भावपूर्ण वर्णन किया. व्यास पीठ से पंडित तिवारी ने कहा कि भगवान ने पृथ्वी पर अवतार लेकर राक्षसों का अंत किया और धर्म की स्थापना की. उन्होंने श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का सुंदर चित्रण करते हुए श्रद्धालुओं को भक्ति रस में सराबोर कर दिया. कथा पंडाल में जन्मोत्सव के अवसर पर भक्तों ने माखन-मिश्री का वितरण कर आनंद लिया और बाल स्वरूप श्रीकृष्ण के दर्शन कर पूजन किया. पूरे पंडाल में 'जय श्रीकृष्ण' के जयघोष से भक्तिमय वातावरण बना रहा.

### नर्मदा कॉलेज में लॉ कोर्स संकट

**नर्मदापुरम.** पीएमश्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस नर्मदा कॉलेज में शैक्षणिक सत्र 2026-27 से पांच वर्षीय बीए एलएलबी कोर्स बंद होने की स्थिति बन गई है. कॉलेज में इस कोर्स की 60 सीटें थीं, लेकिन बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय भोपाल द्वारा अनुमति नहीं मिलने से आगामी सत्र में प्रवेश पर रोक लग गई है. जानकारी के अनुसार कॉलेज प्रबंधन द्वारा करीब 2 लाख रुपये का संबद्धता शुल्क जमा किए जाने के बावजूद विश्वविद्यालय ने कोर्स संचालन की अनुमति नहीं दी. इसके चलते अब यह कोर्स आगामी सत्र से संचालित नहीं हो सकेगा. नर्मदा कॉलेज प्रदेश का एकमात्र सरकारी संस्थान था, जहां 12वीं के बाद सीधे पांच वर्षीय विधि स्नातक कोर्स की सुविधा उपलब्ध थी. पूर्व छात्र मनीष तिवारी और अजय प्रकाश श्रीवास्तव ने कहा कि कोर्स बंद होने से विद्यार्थियों की पढ़ाई प्रभावित होगी. उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार ने विधि महाविद्यालय के लिए लाखों रुपये खर्च किए हैं, तो नर्मदा महाविद्यालय को क्यों नहीं चुना गया. उनका कहना है कि नया विधि महाविद्यालय शहर से काफी दूर स्थित है, जिससे विद्यार्थियों को परेशानी होगी.

### स्मृति वृक्ष अभियान की अनोखी पहल


**पिपरिया.** स्वर्गीय ठाकुरदास जी वर्मा कसेरा की पुण्य स्मृति में वर्मा परिवार द्वारा 'स्मृति वृक्ष अभियान' की शुरुआत की गई. अभियान के माध्यम से परिवार लोगों को पौधारोपण के लिए प्रेरित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है. वृक्ष मित्र संस्था, बजरंग दल, विश्व हिंदू परिषद और रजक समाज से जुड़े कैलाश बाथरे ने बताया कि वर्मा परिवार परिचितों, समाजसेवियों और नागरिकों को पौधे भेंट कर वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित कर रहा है. उन्होंने कहा कि वृक्षारोपण न केवल पर्यावरण संरक्षण का माध्यम है, बल्कि यह पितरों की तृप्ति से भी जुड़ा पुण्य कार्य माना गया है.अभियान के दौरान 'कंडे अपनाएं, पेड़ बचाएं' का संदेश भी दिया गया. पूनमचंद वर्मा ने बताया कि उनके पिता की अंत्येष्टि में लकड़ी के स्थान पर गोबर के कंडों का उपयोग किया गया. उन्होंने कहा कि कंडे शास्त्र सम्मत होने के साथ पर्यावरण के लिए भी उपयोगी हैं. इससे धुआं कम निकलता है, गौशालाओं को आर्थिक सहयोग मिलता है और पेड़ों की कटाई भी कम होती है. उन्होंने बताया कि पिपरिया और आसपास के गांवों में गोबर के कंडे आसानी से उपलब्ध हैं, जिनका उपयोग बढ़ाकर पर्यावरण संरक्षण में योगदान दिया जा सकता है.

# निजी एंबुलेंस संचालकों पर 17 हजार का चालान

जिला अस्पताल में मनमाने तरीके से एंबुलेंस संचालन पर जिला प्रशासन की सख्त कार्रवाई

**नर्मदापुरम, 28 मई. जिला अस्पताल में निजी एंबुलेंस संचालकों द्वारा मनमाने तरीके से एंबुलेंस संचालन एवं मरीजों को निजी अस्पताल में भर्ती करवाए जाने के लिए पैसे लिए जाने जैसे कार्य करने पर जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर सोमेश मिश्रा के निर्देशन में सख्त कार्यवाही की गई है.**

कलेक्टर के निर्देशानुसार डिप्टी कलेक्टर नर्मदापुरम डॉ. बबीता राठौर एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम डॉ. नरसिंह गेहलोत, क्षेत्रीय परिवाहन अधिकारी नर्मदापुरम प्रमोद कॉपसे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी नर्मदापुरम डॉ. सृजन




सैगर, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ. सुनीता कामले, एवं आर.एम.ओ जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम डॉ. गजेन्द्र यादव द्वारा साथ ही भविष्य में जिला चिकित्सालय मे गाडी खडी करने पर दस हजार रूपये का चालान एवं वाहन एम्बुलेस राजसात करने के निर्देश दिये गये है.

> जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम मे प्रायवेट एम्बुलेस संचालको द्वारा जिला चिकित्सालय परिसर मे अवैध रूप से एंबुलेंस खडी करना एवं जिला चिकित्सालय के मरीजो को प्रायवेट अस्पताल मे ले जाने की दलाली का कार्य कर रहे थे, जिसमें जिला चिकित्सालय के दो वार्डवाय भी समलित पाये गये, प्रायवेट 5 एम्बुलेस संचालक पर 17000/- (सत्रह हजार रूपये) का चालान कार्यवाही करते हुये रेडक्रॉस सोसायटी में जमा कराये गये,

### ग्रीष्मकालीन मूंग पंजीयन शुरू

**पिपरिया.** क्षेत्र में ग्रीष्मकालीन मूंग के पंजीयन शुरू हो गए हैं. इस वर्ष पिपरिया क्षेत्र में लगभग 27,500 हेक्टेयर में मूंग और 125 हेक्टेयर में उड़द की फसल बोई गई है. किसानों के अनुसार फसल की स्थिति अच्छी है और प्रति हेक्टेयर 5 से 6 क्विंटल उत्पादन की उम्मीद जताई जा रही है. हालांकि, शासन द्वारा केवल 25 प्रतिशत मूंग खरीदी के निर्देश जारी किए जाने से किसानों में चिंता बढ़ गई है. किसानों का कहना है कि शेष 75 प्रतिशत उत्पादन उन्हें मंडी में बेचना पड़ेगा, जहां भाव अपेक्षाकृत कम मिल रहे हैं. इससे उन्हें आर्थिक नुकसान होने की आशंका है.

# गेहूं चोरी का बड़ा खुलासा, ट्रैक्टर-ट्रॉली सहित चार आरोपी गिरफ्तार

**नर्मदापुरम, 28 मई. थाना देहात पुलिस ने शिवम वेयर हाउस से गेहूं चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करते हुए 4 आरोपियों गिरफ्तार किया है अभी दो आरोपी फरार हैं. 25 मई 2026 को फरियादी मनीष नवलानी निवासी शांति नगर नर्मदापुरम ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि कुलामड़ी बायपास स्थित उनके वेयर हाउस का शटर तोड़कर अज्ञात चोर 65 कट्टे गेहूं चोरी कर ले गए हैं.**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक साई कृष्णा एस थोटा के मार्गदर्शन में तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी के निर्देशन में थाना देहात पुलिस टीम ने जांच शुरू की. एसडीओपी जितेंद्र पाठक और देहात टीआई सौरभ पांडे ने बताया कि पुलिस ने लगभग 200 सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर 27 मई 2026 को शुभम मालवीय को हिरासत में लिया.पूछताछ में पूरे गिरोह का खुलासा हुआ, जिसमें अर्पित सिंह सोलंकी, शुभम मालवीय,अरुण मालवीय, विक्रम उर्फ सन्नाटा, राहुल उर्फ लालू और सुनील कीर शामिल पाए गए. आरोपियों के कब्जे से ट्रैक्टर-ट्रॉली, मोटर साइकिल, 5 मोबाइल फोन, लोहे की रॉड और 32,500 नकद सहित 6 लाख का माल जप्त किया.

# इटारसी में पेयजल सेवा की अनूठी पहल

**इटारसी, 28 मई. में गर्मी और पेयजल संकट के बीच समाजसेवा की एक नई मिसाल देखने को मिली है. पूर्व पार्षद स्वर्गीय भाऊ धर्मदास मिहानी की स्मृति में पार्षद कन्हैया लाल मिहानी (बग्गा भैया) और मिहानी परिवार द्वारा ट्रैक्टर सहित निशुल्क जल वितरण टैंकर सेवा शुरू की गई है. इस पहल से जरूरतमंद क्षेत्रों में लोगों को घर तक पीने का पानी उपलब्ध कराया जा रहा है.**

इस सेवा को केवल एक व्यवस्था नहीं बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बताया जा रहा है. जहां एक ओर लोग पेयजल संकट से परेशान हैं, वहीं मिहानी परिवार ने आगे आकर जनसेवा की परंपरा को नए स्वरूप में प्रस्तुत किया है.परिवार के सदस्यों का कहना है कि सेवा का उद्देश्य सिर्फ प्यास




बुझाना नहीं, बल्कि संकट के समय लोगों तक राहत पहुंचाना है. यह पहल शहर में सामाजिक जिम्मेदारी और जनसेवा की भावना को मजबूत करती है. स्थानीय नागरिकों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे कार्य गर्मी के इस कठिन समय में बड़ी राहत प्रदान करते हैं. यह पहल समाज में सहयोग और संवेदनशीलता का संदेश भी देती है.

### ईदुल अजहा पर भाईचारे और सादगी का संदेश

**बनखेड़ी.** जिलें में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गुरुवार को ईदुल अजहा (बकरीद) का पर्व बड़े हर्षोल्लास और शांतिपूर्ण माहौल में मनाया. सुबह ईदगाह में बड़ी संख्या में लोग नमाज के लिए एकत्र हुए और देश की खुशहाली, तरक्की और आपसी भाईचारे की दुआ मांगी गई. नमाज के बाद पेश इमाम मुहम्मद इमरान अजहरी ने ईदुल अजहा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि कुर्बानी का असली संदेश त्याग, सेवा और अल्लाह की रज़ा के लिए जीवन जीना है. उन्होंने लोगों से गरीबों और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की. उन्होंने अपने संदेश में यह भी कहा कि मौजूदा समय को देखते हुए सादगी को अपनाना जरूरी है.

# गनेरा शराब दुकान हटाने आमरण अनशन

**10 दिन के विरोध के बाद आंदोलन हुआ तेज**

**माखन नगर, 28 मई. ग्राम गनेरा में शराब दुकान हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों का आंदोलन लगातार तेज होता जा रहा है. पिछले 10 दिनों से धरना, चक्का जाम और आबकारी विभाग का पुतला दहन जैसे विरोध प्रदर्शन के बावजूद कोई ठोस समाधान नहीं मिलने पर ग्रामीणों ने अब आमरण अनशन शुरू कर दिया है.**



गुरुवार दोपहर 2 बजे से ग्रामीणों ने आमरण अनशन शुरू किया, जिसमें ग्राम सरपंच कृष्ण कुमार झा, जनपद उपाध्यक्ष लालचंद यादव, उपसरपंच लक्ष्मी नारायण यादव सहित कई ग्रामीण शामिल हैं. आंदोलनकारियों का कहना है कि उनका उद्देश्य क्षेत्र को नशा मुक्त बनाना और पवित्र नर्मदा क्षेत्र की आस्था की रक्षा करना है.


अनशन के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर पहुंची और अनशन पर बैठे लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें ब्लड प्रेशर, शुगर और वजन की जांच शामिल रही. जिला पंचायत सदस्य उमेश यादव ने भी आंदोलन का समर्थन किया.ग्रामीणों का आरोप है कि शराब दुकान आबादी क्षेत्र, मंदिर और विद्यालय के पास स्थित है, जिससे सामाजिक वातावरण प्रभावित हो रहा है.

उनका कहना है कि प्रशासन को इस मामले में स्पष्ट जवाब देना चाहिए. ग्रामीणों ने यह भी सवाल उठाया है कि क्या शराब ठेकेदार ने ग्राम पंचायत की अनुमति ली है. इस बीच एसडीएम जय सोलंकी से संपर्क करने का प्रयास किया गया लेकिन उन्होंने फोन रिसीव नहीं किया. ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा.

# कथा में प्रकृति संरक्षण का दिया संदेश

**श्रीमद्भागवत कथा में गोवर्धन लीला का भावपूर्ण वर्णन**

**इटारसी, 28 मई. द्वारकाधीश मंदिर में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के पंचम दिवस पर आचार्य हर्षित कृष्ण जी बाजपेयी ने प्रवचन देते हुए प्रकृति संरक्षण, जल शुद्धता और वृक्षारोपण का संदेश दिया. कथा के दौरान भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भक्ति भाव से कथा का श्रवण किया.**



आचार्य हर्षित जी ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत की पूजा, यमुना जल से काली नाग का निग्रह तथा धेनुकासुर वध जैसी लीलाओं के माध्यम से मानव समाज को प्रकृति के संरक्षण का संदेश दिया. उन्होंने कहा कि जल, फल और स्थल को शुद्ध बनाए रखना प्रत्येक व्यक्ति की जिम्मेदारी है.

प्रकृति से प्राप्त संसाधनों पर सभी का समान अधिकार है, किसी एक का नहीं. इसी कारण भगवान ने धेनुकासुर का वध कर अन्याय के विरुद्ध संदेश दिया. कथा के दौरान पूतना मोक्ष, माखन चोरी लीला, गोचरण लीला और गोकुल-वृंदावन की दिव्य लीलाओं का सुंदर वर्णन किया गया, जिसे सुनकर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे.

### जिला कांग्रेस में कार्य विभाजन संगठन को मिलेगी मजबूती

**इटारसी.** जिला कांग्रेस कमेटी नर्मदापुरम की संगठनात्मक गतिविधियों को अधिक प्रभावी बनाने के लिए नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच कार्य विभाजन किया गया है. यह निर्णय जिला प्रभारी संजय शर्मा की स्वीकृति के बाद लिया गया. जिला कांग्रेस अध्यक्ष शिवाकांत गुड्डन पांडे ने सभी ब्लॉक और नगर स्तर पर प्रभारी एवं सह-प्रभारियों की नियुक्ति करते हुए उन्हें जिम्मेदारियां सौंपी हैं. सभी पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय भूमिका निभाकर संगठन को मजबूत करें.

# इटारसी नगर पालिका पर फर्नीचर मरम्मत टेंडर को लेकर उठे सवाल

**बाजार कीमत से अधिक खर्च पर भ्रष्टाचार के आरोप**

**इटारसी, 28 मई. नगर पालिका परिषद इटारसी एक बार फिर वित्तीय अनियमितताओं और भ्रष्टाचार के आरोपों के घेरे में आ गई है. इस बार मामला कार्यालयीन फर्नीचर और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की मरम्मत के लिए जारी किए गए ऑनलाइन टेंडर से जुड़ा है, जिसमें मरम्मत लागत को लेकर गंभीर सवाल उठाए गए हैं.**

शिकायतकर्ता सुरेश कुमार चिचवारे ने प्रमुख सचिव (नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग) और जिला कलेक्टर की जनसुनवाई में दस्तावेजों सहित शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत में आरोप है कि नगर पालिका द्वारा स्टोर शाखा से जारी ई-निविदा में फर्नीचर, एसी, पंखे, कूलर, फोटोकॉपी मशीन और अलमारियों की मरम्मत के लिए करीब 10 लाख रुपये का अनुमानित खर्च तय किया गया है, जबकि संबंधित सामग्री की कुल बाजार कीमत लगभग 7.07 लाख रुपये बताई गई है.

शिकायतकर्ता का आरोप है कि नई सामग्री खरीदने की बजाय अधिक लागत पर मरम्मत दिखाकर सरकारी धन के दुरुपयोग की आशंका है. मामले को जिला कलेक्टर कार्यालय ने संज्ञान में लेते हुए डिप्टी कलेक्टर देवेंद्र प्रताप सिंह को निराकरण अधिकारी नियुक्त किया है.

इसके अलावा शिकायत में यह भी दावा किया गया है कि 2022 से 2025 के बीच खरीदे गए कार्यालयीन उपकरण अभी वारंटी अवधि में हैं, इसके बावजूद उनकी मरम्मत पर खर्च किया जा रहा है. साथ ही पहले भी मरम्मत कार्यों में लाखों रुपये के खर्च और वित्तीय अनियमितताओं के आरोप लगाए गए हैं. शिकायत में संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों की भूमिका की जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग की गई है.

### शौचालय निर्माण पूरा, उद्घाटन का इंतजार

**पिपरिया.** तहसील परिसर के पास रजिस्ट्रार कार्यालय के सामने सुलभ शौचालय का निर्माण पूरा हो चुका है, लेकिन अभी तक इसका उद्घाटन नहीं किया गया है. स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य काफी समय से धीमी गति से चल रहा था, जिसके बाद अब काम पूरा हो गया है, लेकिन सुविधा का लाभ आमजन को नहीं मिल पा रहा है. इस संबंध में प्रभारी सीएमओ मुकेश पठारिया ने बताया कि शौचालय को शीघ्र ही आमजन के लिए शुरू कर दिया जाएगा.

**जयंती** | वीर सावरकर जयंती पर भाजपा कार्यालयों में हुआ माल्यार्पण

# भाजपा ने किया सावरकर की राष्ट्रसेवा और बलिदान को नमन

**इटारसी. 28 मई. पुरानी इटारसी स्थित वीर सावरकर स्टेडियम में गुरुवार को वीर सावरकर जी की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई. भारतीय जनता पार्टी मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में उनकी प्रतिमा पर पुष्पमाला अर्पित कर राष्ट्रसेवा और स्वतंत्रता संग्राम में दिए गए योगदान को याद किया गया. इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता और नागरिक मौजूद रहे.**




कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने वीर सावरकर के त्याग, संघर्ष और राष्ट्रभक्ति को प्रेरणादायी बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया. नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि वीर सावरकर का जीवन देशभक्ति, साहस और समर्पण का प्रतीक है. उन्होंने अंग्रेजी शासन द्वारा कालापानी की सजा के दौरान दी गई यातनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी सावरकर जी का राष्ट्रप्रेम कभी कमजोर नहीं पड़ा.

उन्होंने वीर सावरकर द्वारा लिखित पुस्तकों द इंडियन वॉर ऑफ इंडिपेंडेंस, मेरा आजीवन कारावास, सिक्स ग्लोरियस एपॉक्स ऑफ इंडियन हिस्ट्री और हिंदुत्व का जिक्र करते हुए कहा कि इन रचनाओं में भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन, हिंदू समाज की एकता और राष्ट्रवाद के विचारों का विस्तृत वर्णन मिलता है. कार्यक्रम में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष एवं पार्षद राहुल प्रधान, पार्षद जिम्मी कैथवास, गोपाल शर्मा, विधायक प्रतिनिधि अशोक मालवीय, देवेंद्र सिंह परिहार, सत्यप्रकाश चौधरी, प्रशांत मनवारे, विजय चौरे, गोविंद महतो, संजय युवने, रजत महतो सहित अनेक कार्यकर्ता और नागरिक उपस्थित रहे.

> पुरानी इटारसी भाजपा मंडल अध्यक्ष मयंक मेहतो ने भी वीर सावरकर के राष्ट्रवादी विचारों और उनके योगदान पर प्रकाश डाला. उन्होंने पुरानी इटारसी में वीर सावरकर स्टेडियम निर्माण के लिए विधायक सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, नगर पालिका परिषद एवं नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे का आभार व्यक्त किया.